# जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

**प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी** **क्रमांक–86**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी** **दिनांक–26.09.2025**

---

## हार्टअटैक सहित विभिन्न बीमारियों के संबंध में विशेषज्ञों ने दी जानकारियां
### जनेकृविवि के 62वें स्थापना दिवस सप्ताह के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**जबलपुर 26 सितंबर, 2025।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के 62वें स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के स्वामी विवेकानंद सभागार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अजय कुमार भंडारी और डॉ. पुष्पराज पटेल हार्टअटैक, शुगर, बीपी, थायराइड सहित ऐसी विभिन्न बीमारियों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। हार्टरोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने बताया कि कोरोना के बाद हार्टअटैक बहुत ही कम उम्र के लोगों को आना सामान्य बात हो गई है। लगभग 15 से 20 वर्ष की आयु में भी हार्टअटैक आ रहा है, जबकि पहले 60–65 साल की उम्र में हार्टअटैक की समस्या उत्पन्न होती थी। डॉ. पटेल ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट एक विद्युतीय समस्या के कारण होता है, जिससे आपका दिल धड़कना बंद कर देता है। जब आपका दिल रक्त पंप करना बंद कर देता है, तो आप बेहोश हो जाते हैं। कार्डियक अरेस्ट कुछ ही मिनटों में जानलेवा हो सकता है। इसलिये आसपास के लोगों को तुरंत मदद के लिये पुकारना चाहिये और सीपीआर शुरू करना चाहिये। शिविर में डायटीशियन सुश्री उग्रतारा रजक ने खानपान संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा ने स्वागत उद्‌बोधन दिया और कहा कि 1 अक्टूबर को विश्वविद्यालय का 62वां स्थापना दिवस है। 62वें स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं और स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञों द्वारा छात्र–छात्राओं और वैज्ञानिकों का हार्ट, शुगर, बीपी, थायराइड सहित ऐसी विभिन्न खतरनाक बीमारियों की जांच एवं उचित परामर्श भी दिया गया। इसके अलावा छात्र–छात्राओं को डमी के माध्यम से हार्टअटैक की बीमारी से बचाव संबंधी जागरूक भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पीएचडी छात्रा दीपाली एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अमित शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. अनुभा उपाध्याय, डॉ. विजय यादव, इंजी.एस.के. जैन, सुरक्षा अधिकारी डॉ. वाय.एम.शर्मा, डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा, डॉ. अंसारी सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।